भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 3176

जिसका उत्तर 06.08.2026 को दिया जाना है

एनएच-66 पर सर्विस रोड के लिए डीपीआर

3176. श्री कोटा श्रीनिवास पूजारी:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि उडुपी जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच)-66 पर कुंडापुरा से हेजामाडी तक सर्विस रोड के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने के लिए एजेंसी नियुक्त कर दी गई है लेकिन विस्तृत परियोजना रिपोर्ट अभी तैयार नहीं की गई है और कार्य आरंभ नहीं हुआ हैऔर यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि घनी आबादी वाले क्षेत्रों से गुजरने वाले इस भारी यातायात वाले खंड पर सर्विस रोड के अभाव के कारण निवासियों को कठिनाई हो रही है और सड़क सुरक्षा संबंधी गंभीर चिंताएं उत्पन्न हो रही हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार विस्तृत परियोजना रिपोर्ट को शीघ्र तैयार करने और उसे अनुमोदन प्रदान करने तथा कुंडापुरा से हेजामाडी तक सेवा सड़क कार्यों को शीघ्र शुरू करने के लिए निर्देश जारी करने पर विचार कर रही है; यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या सरकार दोनी माने होटल, संथेकट्टे के निकट लंबित सर्विस रोड के कार्य जिससे मोटर चालकों और पैदल चलने वालों को सुरक्षा को खतरा है, को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने पर विचार कर रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (ग) भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच)-66, हेजामाडी से केरल सीमा तक सड़क सुरक्षा सुधार उपायों के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने के लिए परामर्शी एजेंसी नियुक्त की है, जिसमें कुंडापुरा से हेजामाडी तक प्रस्तावित सर्विस रोड भी शामिल है। डीपीआर एजेंसी ने दिनांक 14.05.2026 से अपनी सेवाएं शुरू की है।

डीपीआर के कार्य-क्षेत्र में यातायात सघनता, सड़क किनारे का विकास, अंडरपास और अन्य सड़क सुरक्षा उपायों के आधार पर सर्विस रोड, फ्लाईओवर, अंडरपास और अन्य सड़क सुरक्षा उपायों का आकलन और प्रावधान शामिल है।

(घ) एनएच-66 पर संथेकट्टे में किमी 314.0 से किमी 315.0 तक (सड़क के दोनों ओर) 6.0 मीटर चौड़ी सर्विस रोड का निर्माण बीओटी (निर्माण-संचालन-हस्तांतरण) रियायतग्राही द्वारा वर्ष 2017 में किया गया था।

इसके अलावा, किमी 314.092 पर संथेकट्टे वाहन ओवरपास (वीओपी) के निर्माण के दौरान, यातायात मार्ग परिवर्तन को सुविधाजनक बनाने के लिए बीच के डिवाइडर को अस्थायी रूप से हटा दिया गया था। संथेकट्टे में वाहन ओवरपास का कार्य पूरा हो गया है और इसे यातायात के लिए चालू कर दिया गया है। तथापि, स्थानीय जनता के विरोध के कारण मुख्य कैरिजवे और सर्विस रोड के बीच कर्ब सेपरेटर की बहाली का कार्य रुका हुआ है, जिन्होंने सर्विस रोड के अतिरिक्त चौड़ीकरण की मांग की है। जिला प्रशासन से आवश्यक सहायता प्रदान करने का अनुरोध किया गया है।

*****